वर्ष- 02 अंक- 275

छपरा

22 अगस्त शुक्रवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live

## एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए

हैदराबाद के महबूबपेट इलाके की घटना; जांच शुरू

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां हैदराबाद के महबूबपेट इलाके के मक्था में एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। मियापुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने बताया, हमें सूचना मिली है कि महबूबपेट इलाके के मक्था स्थित एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए हैं। मृतकों में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी, उनकी बेटी, दामाद और पोती शामिल हैं। हमने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं।

**मामले में आत्महत्या का संदेह :**पुलिस ने बताया कि पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के एक परिवार के पांच सदस्य गुरुवार को अपने घर पर मृत पाए गए। पुलिस ने मामले में आत्महत्या का संदेह जताया है। मृतकों में एक 60 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 55 वर्षीय पत्नी, दामाद, बेटी और दो साल की पोती शामिल हैं। पड़ोसियों ने गुरुवार सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी और मियापुर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची।

## भारत-अमेरिका में रक्षा सहयोग पर सहमति

## रक्षा मंत्रालय बोला- सैन्य खरीद से मजबूत होगा रणनीतिक रिश्ता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और अमेरिका के रक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को दिल्ली में बैठक कर रक्षा खरीद से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देशों ने आपसी रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ये मुलाकात इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंपर की हालिया टैरिफ नीति के कारण दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी दिख रही है।

**दोनों देशों के बीच रक्षा खरीद के मुद्दों पर विस्तार से बातचीत :**रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग के डिप्टी असिस्टेंट सेक्रेटरी (दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया) डॉ. एंड्रयू बायर्स ने भारत के संयुक्त सचिव (समुद्री एवं सिस्टम अधिग्रहण) दिनेश कुमार से मुलाकात की।

## म्यांमार से घुसपैठ को लेकर बीरेन सिंह ने जताई चिंता

### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ने पूर्वोत्तर के राज्यों खास तौर पर म्यांमार में हो रही घुसपैठ पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि म्यांमार में बाहरियों को आना हकीकत है और यह लगातार जारी है। उनका यह बयान असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा की टिप्पणी के बाद आया है। विकास लखेड़ा ने मणिपुर विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में बोलते हुए बुधवार को बताया था कि 31 दिसंबर 2024 से अब तक लगभग 42,000 लोग भारत में घुसे हैं, जिनका बायोमेट्रिक रिकॉर्ड लिया गया है और संबंधित एजेंसियों के साथ साझा किया गया है।

# मुंबई को बारिश से राहत, कुछ हिस्सों में धूप खिली ; पानी से भरे गड्ढे में चार बच्चे डूबे

**नई दिल्ली/मुंबई,एजेंसी।** इस बीच यवतमाल जिले के दारव्हा शहर में बुधवार को रेलवे फ्लाईओवर के लिए बनाए जा रहे पानी से भरे गड्ढे में 10 से 14 साल की उम्र के चार बच्चे डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चे दारव्हा रेलवे स्टेशन के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास खेल रहे थे, जहां खंभे लगाने के लिए एक बड़ा गड्ढा खोदा गया था। मृतकों की पहचान रिहान असलम खान, गोलू पांडुरंग नारनवरे, सौम्या सतीश खड़सन और वैभव आशीष बोथले के रूप में हुई है।

**मध्य और पश्चिम रेलवे की उपनगरीय सेवाओं में कुछ देरी :** इससे पहले कुछ यात्रियों ने मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे पर उपनगरीय सेवाओं में कुछ देरी की शिकायत की। एक अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम की बसें सामान्य रूप से चल रही हैं।

**सड़कें और रेल पटरियां जलमग्न; उड़ानें और रेल सेवाएं बाधित थीं :** इस बीच बारिश की तीव्रता कम होने लगी, जिससे जनजीवन पटरी पर लौट आया। एक दिन पहले ही भारी बारिश ने आर्थिक राजधानी में तबाही जैसे हालात बना दिए थे। इससे सड़कें और रेल पटरियां जलमग्न हो गई थीं। उड़ानें और रेल सेवाएं बाधित हुई थीं।

मध्य रेलवे की हार्बर लाइन (सीएसएमटी-पनवेल मार्ग) पर लोकल ट्रेन सेवाएं 15 घंटे की रुकावट के बाद बुधवार सुबह 3 बजे से फिर से शुरू हो गईं, जिससे यात्रियों को राहत मिली।



रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

## ताजमहल तक पहुंची यमुना, पोरबंदर में घर डूबे; हिमाचल में अब तक 145 मौतें



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में आज रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2km दूर बह रही हैं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनात्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331द्द्व बारिश हुई। NDRF ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया। वहीं, महाराष्ट्र में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीते दिन मुंबई में 107.4mm बारिश हुई। ठाणे जिले में पानी से भरी खदान में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश से जुड़े हादसों में 145 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में बारिश के कारण हुए हादसों में 2281 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी ने किया नामांकन, खरगे-सोनिया रहे मौजूद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने राज्यसभा महासचिव (जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी भी हैं) के समक्ष नामांकन पत्रों के चार सेट जमा किए।

राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार, सपा नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक के तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी रॉय, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, माकपा के जॉन ब्रिटास नामांकन के लिए उपस्थित विपक्षी नेताओं में शामिल थे। लगभग 160 सांसदों ने प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन दस्तावेजों की जांच की और रेड्डी को एक पावती पर्ची सौंपी।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी अपना वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ एनडीए ने सीपी राधाकृष्णन को मैदान में उतारा है। सत्तारूढ़ दल को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। वाईएसआरसीपी जैसी विपक्षी गठबंधन से इतर पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं।

इससे पहले बुधवार को खरगे ने घटक दलों के नेताओं से उनका परिचय करवाया। संसद के केंद्रीय कक्ष में खरगे के साथ पहुंचे सुदर्शन का स्वागत करने के लिए कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद थे। उनके साथ हुई बैठक में गठबंधन के सभी सहयोगियों ने अपना पक्ष रखा। नामांकन से पहले खरगे ने कहा था कि बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव केवल एक पद के लिए प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे राष्ट्र की आत्मा के लिए एक वैचारिक लड़ाई है। जहां सत्तारूढ़ दल ने आरएसएस की विचारधारा को चुना है, वहीं हम संविधान और उसके मूल्यों को अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। इस सत्र में 14 विधेयक प्रस्तुत किए गए और 12 विधेयक पारित हुए। विपक्ष के बिहार में मतदाता सूची अपडेट की प्रक्रिया और अन्य मुद्दों पर हंगामा के चलते कार्यवाही प्रभावित रही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के समापन पर सदन में हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियोजित व्यवधानों के कारण 120 घंटे की तय चर्चा में से केवल 37 घंटे ही चर्चा संभव हो पाई। सत्र 21 जुलाई को प्रारंभ हुआ था और आज इसकी समाप्ति की घोषणा की जा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदन में उपस्थित रहे। बिरला ने बताया कि सदन में 28-29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री के जवाब से हुआ। इसके अलावा 18 अगस्त को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर विशेष चर्चा आयोजित की गयी। इस सत्र में 419 तारांकित प्रश्न पूछे जाने के लिए सूचीबद्ध किए गए थे। किंतु लगातार व्यवधानों के कारण केवल 55 प्रश्नों के ही मौखिक उत्तर दिए जा सके। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रारंभ में तय हुए 120 घंटे की चर्चा के स्थान पर मात्र 37 घंटे की ही कार्यवाही हो पाई। उन्होंने कहा कि संसद जनता की अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए सदन में मर्यादित भाषा और आचरण बनाए रखना आवश्यक है।

राहुल बोले- देश को मध्यकाल में धकेला जा रहा

## तब राजा का मूड ही कानून था, वे नापसंद लोगों को गिरफ्तार करवा देते थे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों या मंत्रियों को गंभीर केस में गिरफ्तारी पर पद से हटाने से जुड़े तीन बिलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश को मध्ययुगीन काल में वापस धकेला जा रहा है, जब राजा किसी को भी गिरफ्तार करवा देते थे, जो उन्हें पसंद नहीं होता था। राहुल संविधान सदन (पुरानी संसद) के सेंट्रल हॉल में विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, निर्वाचित प्रतिनिधि की अब कोई अवधारणा ही नहीं बची। उन्हें आपका चेहरा पसंद नहीं तो ED से केस करा दिया, 30 दिन में लोकतांत्रिक तरीके से चुना व्यक्ति खत्म।

**वोटर अधिकार यात्रा-**

## जवान के पैर पर चढ़ी तेजस्वी की गाड़ी दाहिने पैर की हड्डी 3 जगह से टूटी, पटना रैफर

### शेखपुरा में सिक्योरिटी में तैनात था

**शेखपुरा,एजेंसी।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान गुरुवार को शेखपुरा में झारखंड सशस्त्र पुलिस (JAP) का जवान शंभू सिंह (40 साल) तेजस्वी की गाड़ी के नीचे आ गया। उनके दाहिने पैर की हड्डी 3 जगह से टूट गई। गंभीर हालत में उन्हें पटना रैफर किया गया है।बताया जा रहा है कि शेखपुरा शहर के खांड इलाके में काफिला पहुंचने के दौरान शंभू सुरक्षा घेरे में चल रहे थे। तेज गर्मी के कारण वे अचानक गिर गए। उसी दौरान तेजस्वी की गाड़ी जवान के पैर के ऊपर से गुजर गई। दो दिन पहले



नवादा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की थार गाड़ी ने एक पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में बॉडीगार्ड महेश कुमार का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

वोटर अधिकार यात्रा का आज 5वां दिन है। इसकी शुरुआत शेखपुरा के त्रिमुहानी स्थित दुर्गा मंदिर से हुई। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।

# हमले के बाद दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज़ेड प्लस सिक्योरिटी

- **20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे, जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ था**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने कैटेगरी की VIP सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे।

गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का VIP सिक्योरिटी ग्रुप करेगा। यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है।

दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खीमजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी को बुधवार रात दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में एक मजिस्ट्रेट के घर पर पेश किया गया। इसके बाद उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। राजेश पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है।

गुजरात में भी राजेश पर चाकूबाजी समेत 5 केस पहले से दर्ज हैं। हालांकि, गिरफ्तारी के दौरान उसके पास कोई हथियार नहीं मिला। इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। जनसुनवाई में शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उसने हमला किया। हमले में चोटिल सीएम रेखा के हाथ, कंधे और सिर पर चोटें आई हैं। फिलहाल वे घर से काम कर रही हैं।

## न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बननी चाहिए, समय-सीमा तय करने के मामले में बोले सीजेआई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। पीठ में सीजेआई जस्टिस गवई के अलावा जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिएस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदूरकर भी शामिल हैं। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता।

**अहमदाबाद के स्कूल में 10वीं के छात्र की हत्या**

# 8वीं क्लास के स्टूडेंट ने बॉक्स कटर से किया था हमला, दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 10वां के एक छात्र ने क्लास के एक स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार दोपहर की है। घायल स्टूडेंट को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्कूल और आसपास के इलाके में तनाव का माहौल है। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मणिनगर और आसपास के इलाकों में बंद का ऐलान किया है। इसके चलते पूरे मणिनगर, खोखरा, इसनपुर इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सेवेंथ डे स्कूल के बाहर भी पुलिस का पहरा है।

विरोध में सिंधी मार्केट बुधवार शाम से ही पूरी तरह से बंद है। आज मणिनगर, खोखरा, इसनपुर इलाकों के लगभग 200 स्कूल बंद में शामिल हुए हैं। वहीं, सेवेंथ डे स्कूल ने सुरक्षा कारणों से स्कूल को अगले कुछ दिनों तक बंद रखने का फैसला किया है।

दोनों स्टूडेंट के बीच थी पुरानी रंजिश खोखरा पुलिस के मुताबि पुलिस जांच में पता चला है कि कुछ दिनों पहले इन स्टूडेंट्स के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी छात्र ने मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होते ही नयन सिंधी पर



बॉक्स कटर से हमला कर दिया था।

आरोपी की चैट हुई वायरल हत्या के बाद आरोपी छात्र की एक दोस्त से हुई चैट सामने आई है। चैट में सामने वाला साथी कहता है कि तूने चाकू मारा था। वो मर गया है। चाकू नहीं मारना चाहिए था। इस पर आरोपी स्टूडेंट ने जवाब दिया- छोड़ न, अब जो होएगा वो होएगा। इस पर सामने वाला साथी कहता है- अपना ध्यान रखना, तू अंडरग्राउंड हो जा और ये चैट डिलीट कर देना। प्रिंसिपल समेत पूरे स्टाफ को पीटा हत्या की वारदात से गुस्साए सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही करीब 2000 लोगों की भीड़ ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए।

अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्यों को भी जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंची। लेकिन, लोग इतने गुस्से में थे कि पुलिसकर्मियों के सामने ही पूरे स्टाफ को पीटते रहे। सूचना मिलते ही मणिनगर विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी स्कूल पहुंचे। बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाए। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

# राजभवन में पाटलिपुत्र संत परंपरा सम्मेलन 2025 का भव्य आयोजन

## महाराष्ट्र व बिहार के सैकड़ों प्रतिभागी व अतिथि हुए शामिल



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (सारण)।** पटना के राजभवन में गुरुवार को पाटलिपुत्र संत परंपरा सम्मेलन 2025 का भव्य आयोजन हुआ।अमरवाणी फाउंडेशन,अनामिका एजुकेशनल ट्रस्ट व वर्मा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित इस आयोजन का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दीप जलाकर किया।आगत अतिथियों को डॉ पंकज कुमार सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि संत परंपरा केवल आध्यात्मिक धरोहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसने हमें सहिष्णुता, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलना सिखाया है.उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए संतों की शिक्षा मार्गदर्शक दीपक हैं और ऐसे आयोजन उन्हें संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं।उन्होंने इस सम्मेलन को समाज के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया।आयोजक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पाटलिपुत्र संत परंपरा की यह धरती केवल इतिहास का गौरव नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऊर्जा और मार्गदर्शन का स्रोत है।उन्होंने इस आयोजन को संतों की विचारधारा और आधुनिक समाज के बीच एक सेतु बताया।डॉ. सिंह ने आयोजक संस्थाओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन से हमें अपनी जड़ों को पहचानने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में महाराष्ट्र की टीम की एक घंटे तक हुई अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। इस कार्यक्रम का राज्यपाल ने भी आनंद लिया।इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान जैन और बौद्ध पंथों तथा आयुर्वेद जैसी प्राचीन पद्धतियों पर मदन महाराज गोस्वामी, प्रकाश खडगे, पन्ना मेहता, आशुतोष ननल, हरि भाऊ आदि कई वक्ताओं ने सारगर्भित परिचर्चाएँ कीं जिससे सबों का ज्ञानवर्धन हुआ।प्रसिद्ध लेखक, पटकथा लेखक, प्रेरक वक्ता, गीतकार और कवि अक्षत गुप्ता ने युवाओं को नई दृष्टि देते हुए कहा कि संत परंपरा में आज के समाज के लिए गहरी प्रासंगिकता है।सम्मेलन में मौजूद सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने इसे बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक आयोजन करार दिया।कार्यक्रम के दौरान दो प्रदेशों के लोग एक दूसरे से गर्मजोशी से मिलते नजर आए।

## पंचायती के दौरान मारपीट, एक पीएमसीएच रेफर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के इसरौली में खेत से आने जाने की बात को लेकर विवाद हो था। इसको लेकर हो रही पंचायती के दौरान मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गये। एक व्यक्ति की स्थिति नाजुक होने पर चिकित्सक ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना को लेकर बताया गया कि चनना निवासी प्रभु राय के खेत से मवेशी लाने ले जाने के विवाद को लेकर गुरुवार को पंचायती चल रहा था। इस दौरान दोनों पक्ष के बीच मारपीट शुरु हो गयी। प्रथम पक्ष से प्रभु राय ने जानकारी दिया की चनना में हो रही पंचायती के दौरान उसी गांव के जलेश्वर राय, सोनु कुमार, विशाल कुमार समेत पांच लोगों ने बदतमीजी करते हुए उसके साथ मारपीट की। जब उसका भतिजा सुरेन्द्र राय और पुत्रबधू मीना देवी बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसके भतिजा पर दाब से हमला कर दिया। जिसमें उसका सिर कट गया और वह अचेत हो गया। लोगों ने अचेतावस्था में उन्हे लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सक ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं दुसरे पक्ष से जलेश्वर राय ने योगेन्द्र राय, प्रभु राय समेत 17 लोगों को मारपीट मामले में आरोपित किया है।

## शादी की नियत से किशोरी का अपहरण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** रक्षा बंधन में अपने मामा के घर राखी बांधने आई किशोरी लापता हो गयी। मामले में परिजनो ने काफी खोजबीन के बाद चार लोगों पर शादी के नियत से अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोरी की मां ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री राखी बांधने इसुआपुर से मामा के घर मढ़ौरा आई थी। इस दौरान वह बाजार में राखी खरीदने गयी और वापस घर नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान पता चला कि पानापुर के चकिया निवासी रोहित कुमार व इसुआपुर महुली निवासी विकाश कुमार मांझी, साहिल कुमार और रोहित कुमार ने मिलकर शादी की नियत से उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया है।

## इसुआपुर प्रखंड से 14592 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड से 14592 मतदाताओं के नाम को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर विशेष गहन पूणरीक्षण (एस आई आर) के तहत मतदाता सूची से हटा दिया गया है। वीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी वीणा पाणी के निर्देश में तैयार सूची प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शित की गई है। मतदाताओं में 3967 मृत 1647 डबल नाम तथा 8974 स्थाई रूप से बाहर वाले शामिल है। इसुआपुर प्रखंड में कल 100567 मतदाता हैं। वीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी वीणा पाणी ने बताया कि मतदाताओं के दस्तावेज को सफलतापूर्वक अपलोड किए गए हैं।

## इसुआपुर में महावीरी अखाड़ा झंडा मेला के लिए 14 ने दिया आवेदन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड में 23 अगस्त को लगने वाले जिला का प्रसिद्ध महावीरी अखाड़ा झंडा मेला में अपनी भागीदार दर्ज करवाने के लिए 14 अखाड़ा के लाइसेंसधारियों ने आवेदन दिया है। वही अलग से चार मंच संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाए जा रहे हैं, जिसमें इसुआपुर अखाड़ा के लाइसेंसधारी अमरनाथ प्रसाद, आता नगर के लाइसेंसधारी रणवीर सिंह, विष्णुपुरा के लाइसेंसधारी मदन सिंह तथा डटरा पुरसौली के लाइसेंसधारी अरविंद सिंह शामिल हैं। वही सीओ सह प्रशासनिक पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मेला से संबंधित सारी तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रशासन के द्वारा चिन्हित स्थलों का अवलोकन सीओ सतीश कुमार सिंह, वीडिओ वीणा पाणी तथा थानाध्यक्ष कमल राम के द्वारा गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया, जहां चार जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच के साथ प्रशासनिक मंच बनाया जाना है।

## बिहार राज्य मिनी हैंडबॉल बालक व बालिका टीम का चयन हाजीपुर में 23 अगस्त को

### चयनित बिहार टीम तेलंगाना में राष्ट्रीय हैंडबॉल में भाग लेगी

**दैनिक खोज खबर/पटना।** बिहार राज्य स्तरीय बालक व बालिका मिनी हैंडबॉल ट्रायल सह चयन प्रतियोगिता 23 अगस्त को हाजीपुर रेलवे कॉलोनी कोनहारा घाट में होगी। उक्त जानकारी देते हुए बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चयनित बालक एवं बालिका बिहार टीम तेलंगाना के निजाम कॉलेज हैदराबाद में 26 से 29 सितंबर तक हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राष्टीय मिनी हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। ट्रायल सह चयन प्रतियोगिता में सभी जिला इकाई से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी 2013 या उसके बाद होनी चाहिए। खिलाड़ी अपने साथ मूल आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र साथ लेकर चयन प्रतियोगिता में पहुंचेंगे। प्रत्येक इकाई से चार बालक एवं चार बालिका प्रतिभागी ट्रायल के लिए पहुंचेंगे। आयोजन समिति में वैशाली जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह, आयोजन अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार शुक्ला, आयोजन सचिव अमित मिश्रा, पूर्व मध्य रेल खेल संघ हाजीपुर के सचिव फुटबॉल राकेश प्रसाद सिंह , स्माइल इंडिया फाउंडेशन के रक्तवीर प्रवीण, घर संसार के आकाश दीप, कोषाध्यक्ष दीक्षा मिश्रा एवं गांधी राय शामिल है।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता बने अनमोल पाठक

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा मस्तीचक निवासी अनमोल पाठक को भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता बनाये जाने पर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओ में हर्ष है।आई टी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह के साथ अनमोल पाठक गुरुवार को बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रशस्त मार्ग की कामना की ।इस अवसर पर अनमोल पाठक ने कहा कि पार्टी के अधिकारी द्वारा जो हमे जिम्मेवारी दी गयी है।उसे मैं ईमानदारी निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर आईटी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू सिंह व भाजपा नेता राकेश सिंह ने अनमोल पाठक को अंगवस्त्र व फूलमाला से सम्मानित किया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट, हंसराजपुर के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में एकमा बाजार स्थित दुर्गा स्थान के समीप स्थित न्यू लाइफ क्लिनिक परिसर में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में लगभग 150 मरीजों की मुफ्त जांच की गई। इसमें सुगर, अस्थमा, ब्लड प्रेशर, थायराइड, एनीमिया, हड्डी एवं जोड़ों के दर्द सहित मौसमी बीमारियों की जांच व उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही मरीजों एवं स्थानीय लोगों को इन रोगों से बचाव और स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. एसडीपी यादव, डॉ. पी. कुमार, डॉ. आर कुमार, डॉ. केडी यादव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. रविन्द्र कुमार के साथ ही रंजीत कुमार सिंह, मोहसिन, अंकित कुमार, प्रमोद कुमार मिश्र, पियुष कुमार, विशाल कुमार, गौरी शंकर यादव आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## सीओ राहुल शंकर ने किया महाअभियान शिविरों का निरीक्षण, रैयतों से किया सीधा संवाद

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र में आयोजित हो रहे महाअभियान शिविरों के सफल संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एकमा अंचलाधिकारी (सीओ) राहुल शंकर ने विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देवपुरा, अतरसन व असहनी पंचायतों में आयोजित शिविर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। अंचलाधिकारी ने शिविर स्थल पर मौजूद रैयतों (भूमि मालिकों) से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुना। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में विशेष रूप से जमाबंदी सुधार, बंटवारे के बाद नाम जोड़ना, लगान की रसीद, एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) निर्गत करना और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित कर्मियों को शिविर में आने वाले प्रत्येक रैयत की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर तत्क्षण समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने शिविर स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने, शिविर में भीड़ नियंत्रण एवं आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।अंचलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने जमाबंदी सुधार, नाम जोड़ने एवं भूमि संबंधी लंबित कार्यों के निपटारे हेतु शिविरों में अवश्य पहुंचें।इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने सीधे तौर पर अपनी समस्याएं अंचलाधिकारी के समक्ष रखीं।जिनके समाधान सीओ राहुल शंकर द्वारा बताया गया। साथ ही संबंधित राजस्व कर्मियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पटना में आयोजित छठा स्टेट लेवल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने जाएंगी छपरा की चार बेटियां

### कुल 7 स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नेशनल लेवल की करेंगी तैयारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** योग सिर्फ खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन शैली है। शायद कुछ इसी तरह की सपना संजोने वाली बिहार के छपरा की इन चार बेटियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ खुद को इस मुकाम तक पहुंचा कर बिहार योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पटना में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाले छठा राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में सारण जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली है। इस संबंध में सारण जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह अधिवक्ता पारसनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 17 अगस्त को शहर के प्रतिष्ठित भागवत विद्यापीठ के परिसर में एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सह उक्त विद्यालय के शारीरिक शिक्षक तरुण कुमार सिंह के देखरेख एवं सचिव चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष यमुना कुमारी सहित कई अन्य की उपस्थिति में ओपन ट्रायल में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें भागवत विद्यापीठ की चार छात्राओं यथा - मुस्कान कुमारी, अर्चना कुमारी, आग्नया कुमारी और आंचल कुमारी अंदर 14 के लिए चयन किया गया है।सचिव चंद्रशेखर प्रसाद सिंह ने बताया कि छपरा की चारों बेटियों का चयन स्टेट लेवल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयन होना यह साबित करता है कि छपरा प्रतिभाओं से भरा हुआ है। यह उपलब्धि न सिर्फ जिले के लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण है। योग की साधना और कठिन परिश्रम से मिली यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। लेकिन अब सभी की निगाहें पटना में होने वाले आयोजन पर टिकी हैं, जहां यह बेटियां अपनी लचक, संतुलन और आत्मविश्वास के साथ मंच पर उतरेंगी। उम्मीद है कि यह न केवल पदक जीतेंगी बल्कि बिहार और खासकर छपरा का नाम राष्टीय स्तर पर चमकाने का काम करेंगी।

## एसबीआई मेन ब्रांच छपरा के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्टेट बैंक मेन ब्रांच के शाखा प्रबंधक गणेश प्रसाद द्वारा जांच करने आये डॉ. अमरनाथ ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात नि:शुल्क स्वस्थ्य जांच कैम्प का विधिवत उद्घाटन हुआ। छपरा पेंशनधारीयो के लिए स्टेट बैंक छपरा शाखा मेन ब्रांच में बुजुर्गों एवं खासकर पेंशनधारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने निशुल्क अपना स्वास्थ जांच करवाया। खासकर शुगर, बीपी सहित और भी रोगों के लिए डॉक्टर ने जांच कर उन्हें निशुल्क सलाह दी। बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक ने बताया कि इस तरह के जांच शिविरों का आयोजन समय समय पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के छपरा शाखा के द्वारा किया जाता है। जिसमे पेंशनधारिओ के साथ साथ आम लोगो का भी स्वस्थ्य जांच कर डॉक्टरों के द्वारा उन्हें चिकित्सीय लाभ मिल सके।वही इस मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक मेन ब्रांच छपरा, तारकेश्वर नाथ तिवारी मैनेजर जनता बाजार शाखा, रामेश्वर प्रसाद,सचिव,अंकिता चौधरी,समीर सिंह, अरविंद सिंह,पंकज शर्मा,सुभाष सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सीमेंट लदा ट्रक सारण गंडक नहर में पलटा, लाखों का नुक़सान, चालक व उप चालक बाल-बाल बचे

### ग्रामीणों ने चालक व उपचालक को उपचार हेतु पहुंचाया अस्पताल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के एकमाङ्कचेतन छपरा मार्ग पर हरपुर गांव जाने वाले मोड़ के समीप स्थित सारण गंडक नहर सड़क पर गुरुवार को सीमेंट से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। ट्रक में लदी लगभग 700 बोरी सीमेंट पानी में चली गई, जिससे नहर का पानी धीरे-धीरे पूरी तरह सफेद हो गया। बताया गया है कि ट्रक छपरा ग्रामीण रेलवे रैक प्वाइंट से सीमेंट की खेप लेकर छित्रवलिया बाजार स्थित दुकानदार अनिल राय के यहां जा रहा था। घायल उपचालक ने बताया कि जैसे ही ट्रक छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 से एकमा-चेतन छपरा नहर सड़क पर चढ़ा, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। भारी वजन और ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक सीधे नहर में जा गिरा। चालक ने बताया कि सड़क पर चढ़ते ही जोर का झटका लगा और गाड़ी बेकाबू हो गई। उसने तत्परता दिखाते हुए ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि उप चालक को भी हाथ-पैर में चोटें आई।स्थानीय लोगों ने घायल चालक को गाड़ी से बाहर निकाल कर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। बताया गया है कि एक अनुमान के अनुसार इस हादसे में लाखों रुपये के सीमेंट का नुकसान हुआ है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

## जम्मू के पूर्व डीजीपी से छपरा के ई. ओमप्रकाश आज़ाद हुए सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा के सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश आजाद को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए जम्मू में एल एफ ओ ङ्क बी एच एफ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस पी वेद के द्वारा नेशनल यूथ एक्सिलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश आज़ाद बिहार के प्रतिनिधित्व कर रहे थे, यह सम्मान उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने, जरूरतमंदों की मदद करने और सामाजिक सुधार के विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया। ओमप्रकाश ने अपने युवा जीवन में ही समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूकता अभियान, महिलाओं के अधिकारों के लिए वकालत, महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान, और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल है उनकी इस उल्लेखनीय सेवा और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया ओमप्रकाश ने यह सम्मान प्राप्त करते हुए कहा यह अवार्ड मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है और मुझे और भी जोश और समर्पण के साथ समाज के लिए कार्य करने की दिशा में प्रेरित करेगा, उन्हें राज्यों के युवाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है यह सम्मान मिलने पर उन्होंने इसका पूरा श्रेय अपने माता-पिता और महिला हेल्पलाइन की केंद्र प्रशासक मधुबाला जी को बताया ।

इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों में सीकेएनकेएच फाउंडेशन के संचालक मंडल के पदाधिकारी डॉ राघव चंद्र नाथ, श्री प्रीतेश तिवारी , बबलू कुमार , रणधीर कुमार तथा पूर्व सांसद लालबाबू राय, कुमारी शैलजा, प्रोफेसर नीतू सिंह, शिक्षिका पम्मी सिंह, हरेंद्र राय पूर्व जिला परिषद, एडवोकेट रामबाबू राय, अन्य लोग शामिल हैं।

# हैदराबाद में खजाना ज्वेलर्स लूटकांड में सारण के रसूलपुर के टेसुआर गांव पहुंची साइबराबाद पुलिस

## ऱ लूट मामले में शामिल सात में दो गिरफ्तार, दोनों रसूलपुर के टेसुआर गांव निवासी

देवेन्द्र कुमार सिंह।

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** हैदराबाद की साइबराबाद पुलिस ने चंदानगर में स्थित एक प्रसिद्ध ज्वेलरी शॉप खजाना ज्वेलर्स में विगत 12 अगस्त को 6 नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों द्वारा हूए लूटकांड के मामले में गिरफ्तार दो मुख्य आरोपियों सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के टेसुआर गांव स्थित लूटकांड का मास्टरमाइंड आशिष कुमार सिंह व दीपक कुमार साह के घर पड़ताल करने पहुंची और आरोपियों के परिजनों से गहन पूछताछ की. बताया जाता है कि आशीष सिंह टेसुआर गांव निवासी रविशंकर सिंह का पुत्र है जबकि दीपक कुमार, हीरा साह का पुत्र बताया जाता है जो चैनपुर में भुजा बेचने का कारोबार चलाते हैं।

**क्या है मामला** –हैदराबाद के चंदानगर में 12 अगस्त को 6 नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने प्रसिद्ध ज्वेलरी शॉप खजाना ज्वेलर्स में घुसकर उप प्रबंधक सतीश कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया और लगभग 10 किलोग्राम चांदी के आभूषण जिनमें सोने की परत चढ़ी चांदी भी शामिल थी लूट लिया. इस संबंध में चंदानगर थाना में कांड संख्या 890/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया. हालांकि साइबराबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना नाम क्रमश- आशीष कुमार सिंह (22 वर्ष) और दीपक कुमार साह (22 वर्ष) दोनों ने अपना पता बिहार के सारण जिलान्तर्गत रसूलपुर थाना क्षेत्र के टेसुआर गांव निवासी बताया जो एक हीं साथ पढ़ते थे.



(आरोपित आशीष के परिजनों से पूछताछ करती हैदराबाद पुलिस)

**पूरी प्लानिंग से घटना को अंजाम देने का है दोनों पर आरोप**–दीपक कुमार साह,जो हैदराबाद में वेल्डिंग का काम करता है ने अपने साथियों के लिए 31 जूलाई 2025 को जीडीमेटला के अस्बेस्टस कॉलोनी में किराए का मकान और दो सेकेंड हैंड बाईक की ब्यवस्था की थी. इसके बाद गिरोह ने चंदानगर में कई ज्वेलरी शोरूमों की कई दिनों तक रेकी की और आखिर में खजाना ज्वेलर्स में लूटकांड की घटना को अंजाम दिया. अपना नाम व पदनाम नहीं बताते हुए साइबराबाद पुलिस ने बताया की आशिष कुमार सिंह को महाराष्ट्र के पूणे से गिरफ्तार किया गया जिसके बाद उसकी जानकारी के आधार पर दीपक कुमार साह को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिसने ठहरने व वाहनों की व्यवस्था की थी और लक्ष्यों की पहचान करने में मदद की थी. इनके पास से 900 ग्राम चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं. शेष पांच आरोपियों की पहचान कर ली गयी है लेकिन उनका विवरण मीडिया को नहीं बताया गया,फरार आरोपियों को पकड़ने का प्रयास जारी है.

# रसूलपुर के माधोपुर नहर से पुलिस ने किया अज्ञात शव बरामद, नहीं हुई है शव की शिनाख्त

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय रसूलपुर थानान्तर्गत चनचौरा पंचायत के माधोपुर नहर में बुधवार की देर रात सुचना के आधार पर पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है. नहर से शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी. जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहुंच कर कई बिंदु पर जांच की. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकालते हुए पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया. शव लगभग 40 वर्षीय युवक की है, जो जींस पैंट व शर्ट पहने हुये है, जिसके पैर में रस्सी बंधा हुआ था. शव को निकाल कर उसकी पहचान की कोशिश की गयी. लेकिन लोगों की भीड़ व किसी के द्वारा तत्काल शव की पहचान नहीं की जा सकी है. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है. मामले को लेकर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि एक से दो दिन पूर्व युवक की मौत हो गयी थी. हत्या हुई है या डूबकर मौत हुई है, पोस्टमार्टम के बाद हीं स्पष्ट पता चल पाएगा, तत्काल आसपास के थानों में शव की फोटो पहचान के लिए भेजी गयी है.

# डॉ. एम. एच. सिद्दीकी को बनाया गया पृथ्वी चंद विज्ञान महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जे पी यू के कुलपति प्रो. डॉ. परमेंद्र कुमार वाजपेई द्वारा जारी आदेश के आलोक में पृथ्वी चंद विज्ञान महाविद्यालय, छपरा में वरिष्ठतम प्राध्यापक एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एच. सिद्दीकी को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर डॉ. सिद्दीकी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. परमेन्द्र कुमार वाजपेई एवं कुलसचिव डॉ. नारायण दास के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है और आश्वस्त किया कि वे महाविद्यालय में एक शैक्षणिक, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण के निर्माण हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं के समाधान, पुस्तकालय के सक्रिय एवं सुचारू संचालन, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की समस्याओं के निवारण तथा महाविद्यालय की समग्र प्रगति के लिए वे प्रतिबद्ध रहेंगे।नए प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति पर महाविद्यालय परिवार में प्रसन्नता की लहर व्याप्त है। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र नेता गुलशन यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# 22 साल की महिला ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में मातम छाया

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के हुकराहां गांव में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई जब 22 वर्षीय महिला ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। मृतका शबाना परवीन के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा युवा मोर्चा 16 सदस्यीय कमिटी के तीसरी बार उपाध्यक्ष बने गुड्डू

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** भाजपा द्वारा चुनाव से पहले पार्टी में कई फेरबदल शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा सारण पश्चिमी में गुरुवार को एक फेरबदलाव करते हुए संगठनात्मक बदल किया है। सारण भाजपा युवा के जिलाध्यक्ष अखिलेश मांझी की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय एक नई कमिटी का गठन किया गया। यह गठन जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह की सहमति से हुआ। इस नई कमिटी में तरैया प्रखण्ड के पचभिंडा गांव निवासी व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता गुड्डू कुशवाहा को तीसरी बार जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं तरैया गांव के अवनीश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि 16 सदस्यीय टीम में एक अध्यक्ष, पांच जिला उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच मंत्री, दो प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष शामिल किया गया हैं। जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह कुशवाहा ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं गुड्डू कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष एवं अवनीश कुमार को कोषाध्यक्ष बनने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है। बधाई देने वालो में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, तरैया विधायक जनक सिंह, जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, पानापुर जिला परिषद रत्नेश भास्कर, शिक्षक अर्जुन युवराज, कुंवर सोनू सिंह, दिलीप राम, राजीव सिंह, अनिल सिंह, मेवालाल सहनी, रंजीत सिंह सहित अन्य लोगों का नाम शामिल हैं।

# मगरपाल पंचायत में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरूवार को सारण जिला अंतर्गत दरियापुर प्रखंड के मगरपाल पंचायत में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमें महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी जिला हब फॉर इमपावरमेंट ऑफ़ वीमेन के द्वारा बाल विवाह रोकथाम, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज़ ??उन्मूलन, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, इमरजेंसी नंबर 112 की जानकारी दी गयी द्य इस कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ जीविका की दिदिया सेविका एवं सहायिका, किशोरियाँ एवं महिलाएँ सभी उपस्थित रहे

# करइल के लाल ने बढ़ाई बलिया की शान, संजय सिंह, आईपीएस को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**विवेकानंद सिंह ।**

दैनिक खोज खबर/बलिया (उत्तरप्रदेश)। बलिया जनपद के गड़हा क्षेत्र की कोख में बसे पचगावां (चौरा, कथरिया, पिपराकलां, इटही और दौलतपुर) के ग्राम पिपराकलां में अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के जिलाध्यक्ष, कैप्टन सोहन सिंह अपने सहयोगियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की 79वीं जयंती के अवसर पर ज़िला इकाई कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन की तैयारी में व्यस्त थे, तभी अन्नू बाबा फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष, प्रवीण प्रताप सिंह ने सूचना दी कि बिहार पुलिस के 4 आईपीएस और 15 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई है, जिसमें पिपराकलां के बाबू दारोगा सिंह के पुत्र, संजय



(संजय सिंह, आईपीएस)

सिंह, आईपीएस का भी नाम शामिल है; इतना सुनते ही ग्रामवासियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई और फिर आनन-फानन में मिठाई मंगवाई गई और सबका मुँह मीठा करवाया गया।

तो आइए ! प्रवीण प्रताप सिंह से यह जानते हैं कि संजय सिंह, आईपीएस कौन हैं ? और इन्हें किस कार्य के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है ? संजय कुमार सिंह का जन्म बलिया जिलांतर्गत सोहांव ब्लॉक के ग्राम पिपराकलां में हुआ है, आपकी प्रारंभिक शिक्षा पिपराकलां और फिर रोहतास में हुई। तत्पश्चात् आपने आगे की पढ़ाई वाराणसी से की और बीएचयू से पीजी ऑन जियोलॉजी ऑनर्स (स्वर्ण पदक विजेता) करने के बाद बीपीएससी में 5वीं रैंक प्राप्त करके 1999 में डीएसपी बने और 2012 में आपको एडीएसपी बनाया गया; 2018 में एसपी रेल मुजफ्फरपुर, 2019 में एसपी ग्रामीण पटना, 2019-20 बीएसएपी

2020-21 एसपी मद्यनिषेध, 2022 एसपी भोजपुर, 2023-24 एसपी एटीएस और वर्तमान समय में आप एसएसपी एसटीएफ के पद पर तैनात हैं। अपने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 8 वर्ष से अधिक कार्य किया। आपको अबतक मिले पुरस्कारों एवम् सम्मानों में प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं - राज्य वीरता पुरस्कार (2005 और 2008), 2 लाख से अधिक का नकद पुरस्कार, आंतरिक सुरक्षा पदक (2013), वीरता के लिए राष्टपति पुलिस पदक (2015), उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्टपति पुलिस पदक (2018), विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्टपति पुलिस पदक (2025) और आपको अबतक अन्य राज्य पुलिस प्रमुखों से 5 तथा अन्य से 70 से अधिक प्रशंसा और प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुआ है।

# परेशानी : ग्रामीण सड़क व नाली के ऊपर बरसात का पानी जमा



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखण्ड के मटियार पंचायत के मटियार गांव मे मुख्य सड़क से जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क व नाली के ऊपर बरसात का पानी जमा हो जाने के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी देते हुए स्थानीय बीडीसी प्रतिनिधि उमेश पटेल ने बताया की वार्ड नंबर 13 मे बरसात तथा नाला का पानी जमा हो जाने से पुरे गांव के लोगो को आने जाने मे काफ़ी कठिनाइयां उठानी पड रही हैं। इसकी जानकारी मुखिया,विधायक व प्रखण्ड प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियो को भी कई बार दी जा चुकी है पर अभी तक इसपर किसी के द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। वार्ड सदस्य विमल शर्मा ने बताया की पानी जमा हो जाने से आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया तो हम सब इसका पुरजोर विरोध करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता मंजेश पाठक ने बताया की जमा पानी से कई तरह की गंभीर बीमारिया उतपन्न हो रही है। तथा आस पास के घरों मे दुर्गन्ध आने से वहाँ पर रहना मुश्किल हो गया है। मौके पर हुकुम साह,त्रिभुवन साह,अनु पटेल,उदय साह,अयोध्या माली तथा अदालत प्रसाद सहित बड़ी संख्या मे आस पास के लोगों ने ग्रामीणों को जलजमाव से निजात दिलाने हेतु बीडीओ रंजीत सिंह से भी अनुरोध किया है। उधर पँचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश महतो ने बीते दिनों सम्पन्न बीस सूत्री की बैठक में भी इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया था।

# 30 अगस्त को छपरा आएंगे राहुल गांधी व तेजस्वी यादव

- **सारण जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर स्वागत सह अभिनंदन की तैयारियों को लेकर की चर्चा**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरूवार को सारण जिला कांग्रेस कमिटी की एक विस्तृत बैठक सारण जिला अतिथि गृह में हुई. बैठक की अध्यक्षता सारण जिला कांग्रेस अध्यक्ष बच्चू प्रसाद बीरू ने की. बैठक में मुख्य रूप से 30 अगस्त राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, कम्युनिस्ट पार्टी माले के दीपांकर भट्टाचार्य व अन्य महागठबंधन नेताओं के आगमन की तैयारीयों पर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में अतिथि रूप से ÷वोट अधिकार यात्रा÷ कोऑर्डिनेटर सह पूर्व कृषि मंत्री मध्यप्रदेश सह माननीय विधायक सचिन सुभाष यादव शामिल हुए. उन्होंने कहा कि बिहार सहित देश में बढ़ती हुई जनता के संवैधानिक अधिकारों पर हमलों के खिलाफ बिहार की एक-एक जनता को एकजुट व जागरूक करने का उद्देश्य है. केंद्र सरकार व इलेक्शन कमीशन के मिलीभगत से जिस तरह से एसआईआर के तहत वैलिड वोटरों का नाम काटकर उनके लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं वह बेहद चिंताजनक व लोकतंत्र के लिए घातक है. 30 अगस्त 2025 को सारण जिले के छपरा में राहुल गांधी जी एवं बिहार विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के कई बड़े नेता सारण जिले में आयेंगे. सारण में एकमा विधानसभा में प्रवेश के साथ मांझी, शयामच, भगवान बाजार, नगरपालिका चौक, कचहरी स्टेशन से बाजार समिति होते हुए गरखा मेहिया डोरिगंज फोरलेन होकर आरा के लिए प्रस्थान करेंगे. इस बीच जगह-जगह तोरण द्वार व स्वागत स्थल चिन्हित किया गया है. इस वोट अधिकार यात्रा की सफलता के लिए सभी लोग पूरी ताकत एवं एकजुटता के साथ लग जाएं. उन्होंने बताया कि वोट अधिकतर यात्रियों के स्वागत के लिए एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए कई तरह की कमेटियों का गठन किया जा रहा है. जिसकी विस्तृत जानकारी 24 अगस्त को सारण महागठबंधन दलों की बैठक में दी जाएगी. पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव के समक्ष सारण जिले के 100 से ज्यादा कर्मठ लोगों ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया. कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों में शिवमंगल राय, मोब्बशीर हुसैन, लोकनाथ राम, राजन राय, आभा महम्मद, मो. इदरीस, इसराइल अली, डॉ. ब्रजेंद्र सिंह, राजू यादव, नंद कुमार मांझी, कामेश्वरबैठा, भृगुनाथ यादव, मो अलीम सहित, सैकड़ों ने कांग्रेस ज्वाइन किया. बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष कामेश्वर सिंह विद्वान, रघुनंदन माझी, मनोज भारद्वाज, अनिल सिंह, अजय सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष शिवपूजन राय, एनपी सिंह, सतेंद्र सिंह, नदीम अख्तर, अब्दुल कादिर, डॉ. शंकर चौधरी, महिला अध्यक्ष पुर्णिमा यादव, युवा नेता राहुल कुमार यादव, नरेंद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, राहुल मिश्रा, राजकुमार विधार्थी, मलिक प्र. यादव, रमेश यादव, दीपक शर्मा, बृजानंद पाठक, सुरज सिंह, श्वेता यादव, फैजल अनवर, अफरीन प्रवीन सहित, सैकड़ों लोग मौजूद थे.


## नौ दिवसीय अखंड अष्टयाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** भगवान कृष्ण ने मनुष्यों को धर्म की रक्षार्थ, अपने एवं जगत कल्याण के लिए सत्य धर्म की राह पर चलते हुए बिना फल की इच्छा किए कर्म करने की शिक्षा दी है। जहां सत्य वहां कृष्ण और जहां कृष्ण वहां विजय है। उक्त बातें संत श्रीधर दास जी महाराज ने सरायबक्स स्थित महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल परिसर में चल रहे नौ दिवसीय अखण्ड अष्ट्याम में कहीं। गुरुवार को सुबह से ही राधे कृष्णा,शिव परिवार हनुमान मंदिर में पूजन के पुरुषों की भीड़ लगी रही। पूजन के बाद लोग हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और मंडप का परिक्रमा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटा भंडारा और प्रसाद वितरण चल रहा है।माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।अमनौर खोड़ी पाकर से आए व्यास जितेन्द्र सिंह के टीम ने हनुमान, भूत प्रेत का स्वरूप धारण करने उपस्थित महिलाओं पुरुषों का मन मोहा।श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी ने बताया कि मंदिर की स्थापना काल से ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी से अष्टयाम होता है। इस वर्ष 17 अगस्त से 26 तक होगी। पूर्णाहुति के मौके पर व्यास श्रीरोमणि सुखनंदन यादव का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** मांझी कृषि उपकेंद्र में उर्वरक अनुज्ञप्ति हेतु 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर गुरुवार को प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा डॉ. रत्नेश कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर के किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री झा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन,मिट्टी का महत्व एवं किसानों को सही जानकारी देने की बात करते हुए,पंचतत्व मिट्टी, जल,वायु,अग्नि एवं आकाश की चर्चा करते हुए मिट्टी एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। कृषि विज्ञान केन्द्र,माँझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,डॉ0 संजय कुमार राय ने प्रशिक्षणर्थीयों का केन्द्र में स्वागत करते हुए सरकार द्वारा शुरू की गई इस प्रशिक्षण के उद्दश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मिट्टी स्वास्थ्य से जुडे पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने मिट्टी की पोषक तत्वों मुख्यत~ सुक्ष्म पोषक तत्वों का प्रबंधन कर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की चर्चा की एवं मिट्टी जॉच पर विशेष जोर दिया। जिला कृषि पदाधिकारी,श्री मधुरेंद्र कुमार सिंह ने भी सभी को इस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चन्दोला ने प्रशिक्षण के विषय की रूपरेखा के बारे में विस्तृत रूप से बताया। जिसमे उन्होंने कहा कि 15 दिनों में कुल 44 विषयों पर प्रशिक्षण होगा जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से प्रशिक्षक आयेंगे। डॉ0 विजय कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉश जितेन्द्र चन्द्र चन्दोला ने किया। बताते चलें कि प्रशिक्षण में सारण जिले के बारह प्रखंडों से कुल 40 लोग भाग ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र से अमितेश कुमार गौरव,रामा रंजन,राकेश कुमार, उमाशंकर,अंकित मिश्रा,अवनीश पांडेय आदि भी मौके पर मौजूद थे।



# सरयू नदी के जल स्तर में कमी होने से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**गुठनी (सिवान)।** जिले के दक्षिणी छोर से बहने वाली सरयू नदी के जलस्तर में कमी होना शुरू हो गया है। बाढ़ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दरौली में सरयू नदी का जलस्तर 60.78 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात गुरुवार को दरौली में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 0.4 मीटर नीचे है। वहीं सिसवन में नदी का जलस्तर 56.49 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात सिसवन में सरयू नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 0.55 मीटर नीचे है। वहीं सरयू नदी का जलस्तर कम होने के बाद भी बाढ़ का पानी अभी खेतों में जमा हुआ है। यह दुबारा पानी फसलों में घुसने के कारण केवल धान की फसल को ही लाभ होता दिख रहा है। बाकी अन्य फसलों जैसे अरहर, मक्का, बाजरा समेत सभी खरीफ फसलों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सरयू नदी के जलस्तर कम होने के बाद भी गंडक नदी के जलस्तर में कोई कमी नहीं हुआ है। इससे गुठनी थाना क्षेत्र के सोहागरा, सोनहुला, पुरैना, धर्मपुर, श्रीकलपुर, गुठनी, योगियाडीह, हनुमानगंज और तीर बलुआ में नदी किनारे धान की फसलें पानी से डूब गई हैं। वहीं अन्य खरीफ फसलों का भी काफी नुकसान हुआ है।

## सीवान : एसपी, डीएसपी व थानाध्यक्षों को मिले नए मोबाइल नंबर

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार पुलिस मुख्यालय के आदेशनुसार जिला पुलिस कार्यालय द्वारा एसपी, डीएसपी सहित जिले के सभी थानाध्यक्षों के मोबाइल नंबरों की सूची सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया गया है। इसकी सूची एसपी ने जारी की है। एसपी ने बताया कि सिवान जिलान्तर्गत वरीय पुलिस पदाधिकारी से थाना स्तर तक वर्तमान में कार्यरत बीएसएनएल नंबर के स्थान पर एयरटेल का नया नंबर आवंटित किया गया है।अब से सभी प्रकार के अधिकारिक पत्राचार संपर्क उपरोक्त आवंटित एयरटेल के नंबरों के माध्यम से ही करें। किसी भी परिस्थती में संपर्क नहीं होने पर जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नंबर 9031683607 पर संपर्क करें।

| नाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|
| पुलिस अधीक्षक | 9031827200 |
| पुलिस उपाधीक्षक(रक्षित) पुलिस केंद्र | 9031827201 |
| पुलिस उपाधीक्षक (मु) | 9031827202 |
| एसडीपीओ सदर-वन | 9031827203 |
| एसडीपीओ सदर-टू (मैरवा) | 9031827204 |
| एसडीपीओ महाराजगंज | 9031827205 |
| पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) | 9031827206 |
| पुलिस उपाधीक्षक (साईबर काईम) | 9031827207 |
| मुफ्फसिल अंचल प्रभाग | 9031827209 |
| मैरवा अंचल प्रभाग | 9031827210 |
| आंदर अंचल प्रभाग | 9031827211 |
| महाराजगंज अंचल प्रभाग | 9031827212 |
| नगर थाना | 9031827219 |
| मुफ्फसिल थाना | 9031827221 |
| महादेवा थाना | 9031827223 |
| सराय थाना | 9031827224 |
| यातायात थाना | 9031827226 |
| साईबर थाना | 9031827227 |
| एससी-एसटी थाना | 9031827228 |
| महिला थाना | 9031827229 |
| पचरूखी थाना | 9031827230 |
| बड़हरिया थाना | 9031827232 |
| जीबी नगर थाना | 9031827233 |
| जीरादेई थाना | 9031827235 |
| धनौती थाना | 9031827236 |
| हुसैनगंज थाना | 9031827237 |
| नौतन थाना | 9031827238 |
| मैरवा थाना | 9031827239 |
| गुठनी थाना | 9031827240 |
| दरौली थाना | 9031827241 |
| आंदर थाना | 9031827242 |
| असाव थाना | 9031827244 |
| सिसवन थाना | 9031827245 |
| रघुनाथपुर थाना | 9031827246 |
| चैनपुर थाना | 9031827247 |
| एम एच नगर थाना | 9031827248 |
| महाराजगंज थाना | 9031827249 |
| दारौंदा थाना | 9031827250 |
| बसंतपुर थाना | 9031827251 |
| भगवानपुर हाट थाना | 9031827252 |
| जामो बाजार थाना | 9031827253 |
| गोरेयाकोठी थाना | 9031827255 |
| लकडी नवीगंज थाना | 9031827256 |

## बोलेरो व स्कार्पियो से 156 कार्टन शराब बरामद

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के धनौती बाजार के समीप बुधवार की देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो गाड़ियों से करीब 156 कार्टन शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने एक चालक को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि भारी मात्रा में गाड़ी से कहीं जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस धनौती बाजार के समीप वाहन जांच करनी शुरू कर दी। इस दौरान एक स्कार्पियो एवं एक बोलेरो आता दिखाई दिया। जब दोनों वाहनों को रोककर कर जांच की गई तो यूपी नंबर की बोलेरो में 75 कार्टन अर्थात 675 लीटर तथा स्कार्पियो में 81 कार्टन 729 लीटर शराब पाई गई। इस मौके पर पुलिस स्कार्पियो चालक को गिरफ्तार कर ली जबकि बोलेरो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। शराब व दोनों वाहन को जब्त कर कर थाना लाया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी आदित्य शर्मा के रूप में हुई थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गिरफ्तार चालक को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया है।

# मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा से ग्रामीणों में आक्रोश

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के बिलासपुर स्थित पौराणिक राम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर की भूमि पर जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। लोगों का कहना है कि स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं हुआ तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिट्टू कुमार राम नामक व्यक्ति ने गांव की ही एक विधवा महिला मीना देवी से रजिस्ट्री कराकर मंदिर की भूमि पर जबरन निर्माण शुरू करा दिया है। जैसे ही यह खबर फैली, गांव में आक्रोश की लहर दौड़ गई और लोग इस कदम को धार्मिक आस्था पर हमला बताने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की भूमि पर कब्जे का प्रयास गांव की आस्था और धार्मिक परंपरा पर सीधा हमला है। यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया, तो स्थिति बिगड़ सकती है। गांव वालों ने चेतावनी दी कि यदि कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मंदिर की जमीन को कब्जे से मुक्त कराने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## वंदे भारत ट्रेन के लिए रेल मंत्री ने परिचालन व्यवहार्यता जांच के दिए आदेश

**सिवान।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से पटना से वाराणसी वाया सिवान के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किये जाने को लेकर परिचालन व्यवहार्यता जांच के लिए आदेश दिए हैं। इसके लिए सांसद विजयालक्ष्मी ने धन्यवाद दिया है। बताया गया कि संबंधित अधिकारी को उपरोक्त मामले में परिचालन व्यवहार्यता जांच करने के निर्देश दे दिये गये हैं। जांच होने के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि पांच अगस्त को सांसद विजयलक्ष्मी देवी ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर जिले के लिए ट्रेनों की मांग की थी। उन्होंने पत्र में कहा था कि सिवान एक महत्वपूर्ण जनसंख्या वाला क्षेत्र है जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री पटना, दिल्ली, वाराणसी की और यात्रा करते हैं। किंतु मौजूदा रेल कनेक्टिविटी इस जनसंख्या की आवश्यकता को पूरा नहीं कर पा रही है।

## सीवान: शराब के साथ जब्त किए गए 46 वाहनों की आज होगी नीलामी

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के विभिन्न थानों में शराब के साथ जब्त हुए 46 वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वाहनों की नीलामी जिला परिषद के सभागार में 22 अगस्त को होना निर्धारित किया गया है। इनमें बाइक, आटो, चरपहिया सहित अन्य वाहन शामिल हैं। वाहनों की नीलामी को लेकर परिवहन विभाग ने न्यूनतम मूल्य का निर्धारण भी कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नीलामी में शामिल वाहनों की सूची उत्पाद कार्यालय के समीप चिपका दिया गया है। उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि वाहनों की नीलामी के दौरान परिवहन विभाग के द्वारा लगाया गया न्यूनतम मूल्य के बाद से बोली लगाई जाएगी। सबसे अधिक बोली लगाने वाले लोगों से राशि जमा कराकर उसी समय संबंधित वाहन दे दिया जाएगा। नीलामी से पहले लोगों को वाहनों के न्यूनतम मूल्य के दस प्रतिशत राशि अग्रिम जमा कराया जाएगा। बता दें कि बीते 31 जुलाई को जिले के विभिन्न थानों में शराब के साथ जब्त 47 वाहनों की नीलामी करनी थी। हालांकि नीलामी के दौरान लोगो ने वाहनों को पसंद नही किया जहां मात्र 22 वाहनों की ही नीलामी हो सकी।

# सीवानःडीआइजी ने पुलिस पदाधिकारी संग की बैठक

**परवेज अख्तर/सीवान।** समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को सारण डीआइजी नीलेश कुमार ने एसपी मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी संग बैठक की। इस बैठक में जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में लंबित आपराधिक कांडों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना था। डीआईजी ने बताया कि जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षकों के साथ जिला में लंबित कांडों का निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता का विश्वास जीतने के लिए समयबद्ध तरीके से मामलों का निपटारा आवश्यक है। एसपी ने भी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय रहने को कहा। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध दर और अन्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की। डीआईजी ने पुलिस बल को जनता के प्रति जवाबदेह रहने की सलाह दी।

## लंपी वायरस से ग्रसित मवेशियों का किया गया इलाज

आंदर (सिवान)। प्रखंड के बहादुर पतेजी गांव में करीब 80 पशु लंपी रोग से ग्रसित हैं। इसके मद्देनजर शिविर आयोजित कर पशुओं का इलाज किया गया। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. शिवसागर चौरसिया द्वारा रोग से ग्रसित मवेशियों का इलाज किया गया। कुछ मवेशियों को रोग नहीं हो इसके लिए टीका दिया गया। साथ ही चिकित्सा पदाधिकारी ने पशुपालकों को निर्देश दिया कि अगर किसी भी पशुपालक को अपनी गायों में इस बीमारी का लक्षण दिखे तो वह तत्काल पशुपालन विभाग को सूचित करें और इलाज कराएं।

## शिविर में लगा गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**सिवान।** जिले के हुसैनगंज, रघुनाथपुर समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनांतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरानमहिलाओं की बीपी, शुगर, सीबीसी, एचबीएसएजी, एचसीवी, एचआइवी, हीमोग्लोबिन एवं वजन आदि की जांच की गई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 93 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दी गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कन्हैया चौधरी, बीएचएम एसरारुल हक, बीसीएम सिंधु कुमारी, डा. ज्ञान मंजरी, डा. विभा रानी आदि उपस्थित थे। वहीं रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डा. संजीव कुमार सिंह की देखरेख में दर्जनों महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

## 15 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)।** थाना की पुलिस ने बुधवार की रात बाल बंगरा गांव में छापेमारी कर 15 लीटर शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला फुलकुमारी कुंवर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## तरवारा- वाहन जांच के दौरान दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** जीबी नगर थाना पुलिस ने बुधवार की रात तरवारा गंडक नहर के समीप वाहन जांच के दौरान 18.720 लीटर शराब व बाइक के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान बसंतपुर थाना क्षेत्र के सरैया निवासी सतीश कुमार एवं कन्हौली निवासी रोहित कुमार शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी कर जेल भेज दिया गया।

## प्रशिक्षण केंद्र व मेस का डीआइजी ने किया निरीक्षण

**सिवान।** पुलिस केंद्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों के मेस, बैरक व अन्य आवासीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण गुरुवार को सारण डीआईजी नीलेश कुमार ने किया। इस दौरान एसपी मनोज कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। सिपाहियों के रहने, खाने तथा दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं की वस्तुस्थिति का आकलन किया गया तथा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। डीआइजी ने सिपाहियों के लिए बनाए जा रहे भोजन को भी बारीकी से देखा। बताया कि पुलिस केंद्र में मेस का निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षु सिपाही के समस्याओं से अवगत होकर समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने जवानों को बताया कि परेड सिपाहियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। परेड का उद्देश्य सिपाहियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकें। यह परेड पुलिस विभाग में अनुशासन और एकरूपता को बढ़ावा देने में भी मदद करती है।

## ग्यासपुर में सर्पदंश से युवक की मौत

सिसवन (सिवान)। थाना क्षेत्र के ग्यासपुर में गुरुवार को सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान अनिल मिश्रा के पुत्र रवि मिश्रा के रूप में हुई है। पड़ोसी मुन्ना मिश्रा ने बताया कि रवि मिश्रा अपने बिस्तर पर सोया हुआ था, तभी उसे सर्प ने दंश लिया। कुछ देर बाद जब स्वजनों को इसकी जानकारी हुई, तो वे उपचार के लिए रेफरल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सिवान ले जाने के दौरान सिसवन ढाला के समीप रवि मिश्रा की मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

# मद्य निषेध के उपायुक्त ने बिहार-यूपी सीमा पर बने चेकपोस्ट का लिया जायजा

**सिवान।** मद्य निषेध दरभंगा सह सारण प्रमंडल के उपायुक्त दीनबंधु ने गुरुवार को बिहार-यूपी सीमा पर बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और वहां तैनात अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने महादेवा रोड़ स्थित कचहरी के समीप उत्पाद एवं मद्य निषेध थाना का निरीक्षण कर उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक की। बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शराबबंदी कानून को और सख्ती से लागू करने को लेकर तैयारी चल रही है। इस दौरान बिहार-यूपी सीमा पर बने चेकपोस्ट का निरीक्षण कर पदाधिकारी संग बैठक की गई। बैठक में सीमावर्ती इलाकों के चेकपोस्ट पर निगरानी बढ़ाने के साथ रेल मार्ग से तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बताया कि चेकपोस्ट पर लगे सीसी कैमरा के सामने यूपी से आ रही वाहनों की जांच करनी है। कोई भी वाहन बिना जांच के बिहार में प्रवेश ना करें। बिहार में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकपोस्ट पर ही हैंड स्कैनर मशीन से जांच करनी है ताकि गाड़ियों में सामान के अंदर चोरी छिपे लाई जा रही शराब को आसानी से पकड़ा जा सके।

# श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण के छठियार मना, झोमर पर झूमते रहे श्रोता

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के बलहा एराजी पंचायत के मैरी सलेमपुर गांव के ठाकुरबाड़ी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान लड्डू गोपाल श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव छठियार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वृंदावन से आए कथा वाचक ज्ञानदेव जी महाराज द्वारा छठियार के अवसर पर सोहर एवं झूमर गीत प्रस्तुत किया गया। कथावाचक द्वारा प्रस्तुत सोहर, झूमर पर श्रोता झूमने लगे। महिलाओं द्वारा बधाईयां खूब लुटाई गई। कथा के दौरान ज्ञानदेव महाराज ने कहा कि नंदजी के लाल लीलाधर थे। उनके सानिध्य में आने वालों को मोक्ष की प्राप्ति हुई है। भगवान ने गीता का उपदेश देकर मानव जाति को सनातन धर्म के राह पर चलने तथा कर्तव्य पालन का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान ने कहा कि गृहस्थ आश्रम उत्तम आश्रम है। भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीराम सहित सभी देवी- देवता गृहस्थ आश्रम के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा लोभ, क्रोध एवं मोह का त्याग करने का सिख देता है। छठियार के अवसर पर ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजकों द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कथा के मंच पर श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में बैठा बालक आकर्षण का केंद्र बना था।

## बीईओ ने प्रधानाध्यापकों से की विद्यालय में बुनियादी सुविधा की समीक्षा

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की तथा इसे उन्हें दुरुस्त करने का दिशा निर्देश दिया, विशेष रूप से वैसे विद्यालय जिनमें मतदान केंद्र अवस्थित हैं। बैठक में प्रधानाध्यापकों से सभी नए शिक्षकों, कर्मचारियों का इंप्लाई इंफार्मेशन फार्म जमा करने एवं विद्यालयों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के निमित विद्यालयों में गठित इको क्लब में शामिल छात्र- छात्राओं से ÷एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पेड़ लगाने का निर्देश दिया गया एवं इको क्लब गठन के नोटिफिकेशन को आनलाइन अद्यतन करने को कहा गया। बैठक में शिक्षा विभाग के जेई पंकज कुमार झा के अलावा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण का छठियार

गोरेयाकोठी (सिवान)। प्रखंड के लक्ष्मीगंज छितौली रामजानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठियार श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सोहर-झुमर का लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर भजन-कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्रीरामजानकी मंदिर सेवा समिति व राम दल के तरफ से आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही। भजन-कीर्तन के दौरान रामानंद व मंडली द्वारा ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन जैसे कई छंदों को गाकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर बाबा सत्येंद्र, हेमंत कुमार साहू, विजय किशोर यादव, राजेश गुप्ता, धीरज रस्तोगी, अरुण साहु आदि उपस्थित थे।

## मेला के मद्देनजर विद्यालय संचालन प्रात: कालीन करने की मांग

महाराजगंज (सिवान)। महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में महान संत 1008 मौनिया बाबा महावीरी मेला के मद्देनजर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय का संचालन की अवधि 23 अगस्त को प्रात-कालीन करने की मांग की है। ज्ञात हो कि इस मेले का शुभारंभ 22 अगस्त की रात्रि से ही शुरू होगा और इसका समापन अगले दिन 23 अगस्त की मध्य रात्रि में होगा है। ऐसी स्थिति में स्थानीय विद्यालयों के संचालन के समय में बदलाव लाजमी है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ सिवान शाखा के कुमार राजकपूर टीपू ने दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए पदाधिकारी को आवेदन मेल पर भेज दिया गया है।

